हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 1 अप्रैल, 2016/12 चैत्र, 1938 (शक्)

[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 9

सामग्री को उठाना

1315 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नाभा में रॉयल होटल के साथ लोक निर्माण विभाग द्वारा खाली जगह पर तारकोल के ड्रम और सरिया रखा हुआ है; यदि हां, तो यह भी सत्य है कि यहां पर गाडियां एवं बसें मुड़ती हैं जिसके कारण गाड़ियां मोड़ना मुश्किल हो जाता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस सामग्री को यहां से कहीं और शिफ्ट करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण ?

प्राथमिकी

1316 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दाड़लाघाट पुलिस थाने में 31.12.2015 तक कितनी FIRs दर्ज की गई व उन में से कितनी FIR का निपटारा किया गया व कितनी शेष हैं; ब्यौरा FIR कर्ता के नाम, विषय व उन पर की गई कार्रवाई सहित दें?

भवन निर्माण

1317 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) पट्टा में नई खुली ITI के भवन निर्माण का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा; और

(ख) इसके निर्माण हेतु कितना बजट प्रस्तावित है; ब्यौरा दें ?

औद्योगिक प्लॉटों पर गतिविधियां

1318 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में आबंटित औद्योगिक प्लॉटों पर किस प्रकार की गतिविधियों की अनुमति प्रदान की जाती है; ब्यौरा दें;

(ख) बद्दी औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट नं0 151 व 151-A तथा झाड़माजरी में प्लॉट नं0 55-B के आबंटन में क्या प्रक्रिया अमल में लाई गई; ब्यौरा Terms and condition सहित दें;

(ग) इन प्लॉटों के आबंटन में क्या नियमों की अवहेलना का मामला सरकार के ध्यान में आया है; यदि हां, तो क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; और

(घ) वर्तमान में इन पर प्लॉट मालिकों द्वारा क्या गतिविधियां की जा रही हैं; ब्यौरा दें ?

वाहनों के चालान

1319 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत एक वर्ष के दौरान बद्दी को छोड़कर राज्य के अन्य जिलों में कितने-कितने वाहनों के चालान किस-किस अपराध में किए गए और उनसे कितना जुर्माना वसूल किया गया; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) पुलिस विभाग द्वारा क्या जिलों में चालान करने का कोई Target निर्धारित किया जाता है?

ट्रांसफार्मर की स्थापना

1320 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों से भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विद्युत उप-मण्डल चुवाड़ी के अन्तर्गत गांव चुल्ला, धनुड्डी, बनूणी, लुहैनी फफराडी और विहाली गावों में लो-वोल्टेज की समस्या है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक इस पिछड़े क्षेत्र के गांवों में बिजली का ट्रांसफार्मर स्थापित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

ग्रामीण क्षेत्रों में बैकों की स्थापना

1321 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के दूर-दराज़ क्षेत्र जैसे बैरागढ़, देवीकोठी, मंगली, मनसा में देह्ग्रा नामक स्थान पर कोई ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें ?

सरकारी/निजी संस्थान

1322 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में Veterinary Pharmacist का कोर्स करने हेतु सरकारी व प्राइवेट संस्थान कहां-कहां स्थित हैं; विवरण दें; और

(ख) प्रदेश में कितने Veterinary Pharmacists पंजीकृत हैं; ब्यौरा दें?

धनराशि का आबंटन

1323 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किस-किस पाठशाला में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA), सर्व शिक्षा अभियान (SSA), शिक्षा विभाग, उपायुक्त नाहन तथा अनुसूचित जाति योजना से कितनी-कितनी धनराशि किस-किस मद से आबंटित की गई; ब्यौरा पाठशालावार स्वीकृत धनराशि सहित दें;

(ख) प्रत्येक पाठशाला द्वारा कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई और कितनी शेष है; ब्यौरा दें; और

(ग) इन पाठशालाओं के कार्य किस-किस विभाग के माध्यम से करवाए गए तथा कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 16 मार्च, 2016. **सचिव।**